दिनांक : 28.01.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- उत्तराखंड में आज से अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल दो हजार पच्चीस का शुभारंभ–द्वीपसमूह से अट्ठारह खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ।
- श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में कल शाम होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।
- ननकौड़ी ब्लॉक में वर्जिन नारियल तेल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आज डिगलीपुर में माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

उत्तराखंड में आज से अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल दो हजार पच्चीस का शुभारंभ हो चुका है। चौदह फरवरी तक चलने वाले राष्ट्रीय खेलों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देहरादून में उद्घाटन किया। इसमें बत्तीस खेल और चार प्रदर्शन कार्यक्रम –मल्लखंब, कलारीपयट्टू, राफ्टिंग, योगासन शामिल हैं। इन खेलों में भाग लेने के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह से अट्ठारह खिलाड़ियों सहित कुल उनतीस सदस्यीय दल उत्तराखंड गया है। इस दल में पांच अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिस्ट, दो कयाकिंग और कैनोइंग के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। पहली बार द्वीपों से तैराकी प्रतिस्पर्धाओं में भी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल और युवा विभाग के अनुसार एथलेटिक्स में दो, तैराकी में चार, साइक्लिंग में नौ, कयाकिंग व कैनोइंग में दो तथा रोइंग में एक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों में नौ महिलाएं और नौ पुरूष शामिल हैं।

<><><><><><><>

प्रयागराज के महाकुंभ में कल मौनी अमावस्या के अवसर पर दूसरा अमृत स्नान होगा। इस दिन अमृत स्नान बहुत शुभ माना जाता है। पहला अमृत स्नान चौदह जनवरी को मकर संक्रांति के दिन हुआ था। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर लाखों श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में कल शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहन नेताजी स्टेडियम के अंदर पार्क किए जाएंगे। "पी" कार्ड धारक अपने वाहन अंडमान क्लब के पास और साई स्पोर्ट्स हॉस्टल के सामने पार्क कर सकते हैं। "पी–वन" पार्किंग कार्ड धारक वाहन मॉडल स्कूल, घंटाघर, जिमखाना क्रॉसिंग से नेताजी स्टेडियम पहुंचेंगे। बिना पार्किंग लेबल वाले अन्य सभी वाहन जलक्रीड़ा परिसर के पास पार्क किए जाएंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट और इसके विपरीत जाने वाले वाहनों को शाम साढ़े तीन बजे से समारोह समाप्त होने तक मॉडल स्कूल क्रॉसिंग, एपीडब्ल्यूडी क्रॉसिंग, मुरुगन मंदिर, सिद्दीकी जंक्शन से शादीपुर जंक्शन के रास्ते से जाना होगा। अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नॉर्थ बे तक पर्यटकों को ले जाने वाली निजी पर्यटक जलयानों को कल जंगलीघाट जेट्टी से संचालित करना होगा। बीटिंग रिट्रीट के अवसर पर भारतीय नौसेना, तटरक्षक और जहाजरानी निदेशालय के जलयानों को रोशनी से सजाया जाएगा। यह रोशनी शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट से रात्रि दस बजे तक मरीन फ्लैग पोस्ट पर की जाएगी।

<><><><><><><>

वर्जिन नारियल तेल के उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लेबलिंग और विपणन पर ननकौड़ी ब्लॉक के अंतर्गत पिलपिल्लो और छोटा इनाका गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी महिलाओं को आजीविका प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, कार निकोबार के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अक्षय और डॉ. दीपू मीना ने वर्जिन नारियल तेल उत्पादन की संपूर्ण मूल्य

श्रृंखला पर जानकारी दी। उन्होंने नारियल से प्राप्त किए जाने वाले विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रतिभागियों को आधुनिक मशीनरी से परिचित कराया गया। यह प्रशिक्षण निकोबार द्वीपसमूह के लिए वर्जिन नारियल तेल का एक अनूठा और विशिष्ट स्वयं सहायता समूह के लिए ब्रांड स्थापित करने की योजना का हिस्सा है, जिसे हाल ही में प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेत–जी आई टैग मिला है। प्रधानमंत्री ने अपने "मन की बात" संबोधन में इस प्रयास की सराहना की और कहा कि वर्जिन नारियल तेल उत्पादन में शामिल महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में शामिल किया जा रहा है।

<><><><><><><>

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आज डिगलीपुर के आर. के ग्राम पंचायत में माहवारी के समय स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और लड़कियों को माहवारी के समय स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने अपने संबोधन में महिलाओं और लड़कियों से अनुरोध किया कि वे ऐसे विषयों पर बिना किसी हिचकिचाहट के चर्चा करें। चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिप्रा मिस्त्री ने मासिक धर्म से जुड़ी आम भ्रांतियों को दूर किया और प्रतिभागियों को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने पर ज़ोर दिया। क्षेत्र के प्रधान श्यामल भौमिक ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल के तहत शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का ज़ायज़ा लेने के लिए, द्वीपों के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर और पद्‌मश्री नरेश चन्द्र लाल ने आज वरिष्ठ माध्यमिक रवींद्र बांग्ला विद्यालय का दौरा किया। नरेश चन्द्र लाल ने छात्रों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने आस–पास सफाई बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेने पर जोर दिया। दौरे के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या पुष्पा देवी मिश्रा उनके साथ मौजूद रहीं।

<><><><><><><>

तेईसवीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप–दो हजार पच्चीस सत्रह से बीस फरवरी तक चेन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अंडमान निकोबार इक्कतीस जनवरी और एक फरवरी को केन्द्रीय विद्यालय नम्बर–1 में राज्य चैम्पियनशिप सह चयन ट्रायल का पुर्ननिधारण करने जा रहा है। सभी इच्छुक पैरा एथलीट, जिन्होंने अपना प्रवेश पंजीकृत नहीं कराया है, उनको तीस जनवरी से पहले नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक कार्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ अपना नाम पंजीकृत करवाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में औषधि निरीक्षकों के तीन पदों के लिए आयोजित साक्षात्कार के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणाम प्रशासन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इसके अलावा निदेशालय के सूचना पट्ट पर भी परिणाम साझा कर दिए गए हैं।

<><><><><><><>